बिगड़ी बना दे बाला,
दुखड़े मिटा दे बाला,
सेवा करेंगे तेरी,
पूजा करेंगे तेरी।।

तर्ज दिल में तुझे बिठा के।

लाल ध्वजा बजरंग की देखो,
लागे सबको प्यारी,
लाल सिंदूरी छटा अनोखी,
निरखे सब नर नारी,
तेरे नाम में मगन है,
तेरे नाम की लगन है,
सेवा करेंगे तेरी,
पूजा करेंगे तेरी।।

सालासर मेहंदीपुर में तो,
खुशियाँ ही खुशियाँ छाई,
बालाजी के दर्शन करने,
सारी दुनिया आई,
दर्शन दिखा दे बाला,
संकट मिटा दे बाला,
सेवा करेंगे तेरी,
पूजा करेंगे तेरी।।

इस जीवन के भवसागर में,
तू ही तो है खिवैया,
तुम बिन बजरंग कौन संभाले,
टूटी हुई ये नैया,
अपना बना ले बाला,
दिल में बसा ले बाला,
सेवा करेंगे तेरी,
पूजा करेंगे तेरी।।

तेरे नाम ये कर दिया जीवन,
हमने तो बजरंग बाला,
कुछ भी नहीं है दिल को भाता,
दिल है तेरा मतवाला,
चरणों में तेरी बीते,
जीवन अमन ये सारा,
सेवा करेंगे तेरी,
पूजा करेंगे तेरी।।

बिगड़ी बना दे बाला,
दुखड़े मिटा दे बाला,
सेवा करेंगे तेरी,
पूजा करेंगे तेरी।।

Singer : Mukesh Bagda

Source: https://www.bharattemples.com/bigdi-bana-de-bala-dukhde-mita-de-bala/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw